दिनांक 12–10–2021 को जनपद–हरिद्वार के रोशनाबाद स्थित विकासभवन सभागार में मा0 उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून के "जन जानकारी अभियान" कार्यक्रम एंव समीक्षा बैठक से सम्बन्धित बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 12–10–2021 को जनपद–हरिद्वार में मा0 उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून की अध्यक्षता में "जन जानकारी अभियान" कार्यक्रम एंव समीक्षा बैठक आहुत की गई है। जिसमें जनपद–हरिद्वार के जिला स्तरीय अधिकारियों एंव अल्पसंख्यक समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक के प्रारम्भ में सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी महोदय, हरिद्वार द्वारा मा0 उपाध्यक्ष, का गुलदस्ते से स्वागत किया। मा0 उपाध्यक्ष, द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों का परिचय कराया गया। परियच के उपरान्त मा0 उपाध्यक्ष द्वारा विभागवार अधिकारियों से सूचना प्राप्त की गई।

मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बैठक में बुलाये गये अधिकारियों एंव उपस्थित अधिकारियों की सूचना चाही गई। मा0 उपाध्यक्ष द्वारा जो अधिकारी बैठक में उपस्थित नही हुये उनके स्पष्टीकरण प्राप्त करने एंव उनको मा0 आयोग की सुनवाई दिनांक 21–10–2021 में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये। **(कार्यवाही जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, हरिद्वार)**

मा0 उपाध्यक्ष द्वारा बैठक में उपस्थित मुख्य शिक्षा अधिकारी से शिक्षा विभाग द्वारा अल्यसंख्यक समुदाय से सम्बन्धित किये जा रहे कार्यों के विषय में जानकारी चाही गई। मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार द्वारा मा0 उपाध्यक्ष द्वारा चाही गई जानकारी के विषय में संतोषजनक उत्तर नही दिये गये। जिस पर मा0 उपाध्यक्ष द्वारा नाराजगी व्ययक्त की गई। मा0 उपाध्यक्ष द्वारा शिक्षा विभाग से एम0एस0डी0पी0 योजनान्तर्गत निर्माणाधीन निर्माण कार्यों की प्रगति, नवीन प्रस्तावों का विवरण, मद्ययान भोजन की जानकारी, अल्पसंख्यकों हेतु संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रचार एंव राजकीय विद्यालयों में कार्यरत् शिक्षकों चिकित्सा प्रमाण पत्र आदि के सम्बन्ध में जानकारी चाही गई। **(कार्यवाही मुख्य शिक्षा अधिकारी, हरिद्वार)**

मा0 उपाध्यक्ष, जिला उद्योग केन्द्र हरिद्वार से अल्पसंख्यकों के लिए स्वरोजगार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 एंव 2021–22 में कितने अल्पसंख्यकों को ऋण प्रदान किया गया से सम्बन्धित सूचना मा0 आयोग को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। **(कार्यवाही जिला प्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र हरिद्वार)**

मा0 उपाध्यक्ष, द्वारा जिला उद्योग केन्द्र, हरिद्वार के उपरान्त अग्रणी बैंक अधिकारी, हरिद्वार से अल्पसंख्यकों से सम्बन्धित ऋण प्रकरण जो बैंकों में लम्बित हैं, से सम्बन्धित सूचना चाही गई। मा0 उपाध्यक्ष, द्वारा अग्रणी बैंक अधिकारी को लम्बित प्रकरणों के निस्ताकरण के समबन्ध में अपने स्तर से भी आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। **(कार्यवाही अग्रणी बैंक अधिकारी, हरिद्वार)**

मा0 उपाध्यक्ष, द्वारा जिला परियोजना अधिकारी, हरिद्वार से महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा अल्पसंख्यकों हेतु संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी चाही गई। जिला परियोजना अधिकारी द्वारा मा0 उपाध्यक्ष को अवगत कराया गया कि विभाग में अल्पसंख्यकों हेतु पृथक से कोई योजना संचालित नही है। जनपद में लगभग 78000 लाभार्थियों को डोर टू डोर राशन वितरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जनपद में 376 आंगणवाडी केन्द्र संचालित है। मा0 उपाध्यक्ष द्वारा जिला हरिद्वार में अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में जहां आंगणवाड़ी केन्द्र की आवश्यकता हो से सम्बन्धित नवीन आंगणवाड़ी केन्द्रों के निर्माण के प्रस्ताव प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। **(कार्यवाही जिला कार्यक्रम अधिकारी, हरिद्वार)**

मा0 उपाध्यक्ष, द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम हरिद्वार के अधिशासी अभियन्ता, श्री गौतम, से उनके विभाग द्वारा अल्पसंख्यकों हेतु संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी चाही गई है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा मा0 उपाध्यक्ष को अवगत कराया गया कि जनपद हरिद्वार में वर्तमान समय में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 06 निर्माण कार्य गतिमान है। जिनको शीघ्र पूर्ण कर लिया गया। इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत भी मा0 उपाध्यक्ष को जानकारी प्रदान की गई। जिस पर मा0 उपाध्यक्ष द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी
हरिद्वार।

मा0 उपाध्यक्ष द्वारा अधिशासी अभियन्ता, लोक एंव निर्माण विभाग हरिद्वार से उनके विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों के विषय में जानकारी चाही गई, अधिशासी अभियन्ता, द्वारा अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्तमान समय में अल्पसंख्यकों हेतु संचालित योजना में कोई निर्माण कार्य नही कराया जा रहा है। मा0 उपाध्यक्ष द्वारा अधिशासी अभियन्ता, को अवगत कराया कि निदेशालय अल्पसंख्यक कल्याण उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत मार्ग निर्माण कराये जाने हेतु प्रस्ताव चाहे गये। जिसके क्रम में जनपद–हरिद्वार में अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में मार्गो के निर्माण कार्यो के प्रस्ताव कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, हरिद्वार को उपलब्ध कराये जायें। **(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार)**

मा0 उपाध्यक्ष द्वारा परियोजना प्रबन्धक, उत्तराखण्ड पेयजल निगम ऋषिकेश से प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद–हरिद्वार में संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति के विषय में जानकारी चाही गई। परियोजना प्रबन्धक द्वारा जनपद–हरिद्वार में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित निर्माण कार्यो की वित्तीय एंव भौतिक प्रगति से मा0 उपाध्यक्ष को अवगत कराया गया। मा0 उपाध्यक्ष द्वारा लम्बित निर्माण कार्यो की सूचना एम0ओ0यू0 तिथि सहित मा0 आयोग को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिय गये। **(कार्यवाही परियोजना प्रबन्धक, उत्तराखण्ड पेयजल निगम ऋषिकेश)**

मा0 उपाध्यक्ष, द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार से मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रतिनिधि से चिकित्सा विभाग द्वारा जनपद हरिद्वार में जारी कोविड–19 वैक्सीनेशन, जनपद में स्थापित किये गये की जानकारी चाही गई। चिकित्सा विभाग के प्रतिनिधि द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नही दिया गया। इसके अतिरिक्त मा0 उपाध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन निर्माण कार्यों की प्रगति एंव नवीन कार्यो की स्थिति के विषय में भी जानकारी चाही गई। जिस पर भी प्रतिनिधि द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नही दिया गया। मा0 उपाध्यक्ष द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार के बैठक में उपस्थित न होने एंव प्रतिनिधि द्वारा भी पूर्ण सूचनाएं न दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। मा0 उपाध्यक्ष द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार को पूर्ण सूचनओं सहित दिनांक 21–10–21 को आयोग की सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये। **(कार्यवाही मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार)**

मा0 उपाध्यक्ष द्वारा अल्पसंख्यक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति के विषय में जानकारी चाही गई। जिसके उपरान्त जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, हरिद्वार द्वारा योजनावार मा0 उपाध्यक्ष को जानकारी दी गई। मा0 उपाध्यक्ष द्वारा राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना में कम आवेदन प्राप्त होने पर असंतोष व्यक्त किया गया। मा0 उपाध्यक्ष द्वारा अल्पसंख्यक योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा मा0 उपाध्यक्ष को अवगत कराया गया कि अल्पसंख्यक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रसार हेतु जनपद के विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। जिसके उपरान्त अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं में व्यापक स्तर पर अल्पसंख्यक समुदाय व्यक्तियों द्वारा योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत इस वर्ष की परीक्षाओं में देरी होने के कारण कम आवेदन प्राप्त हुये है। **(कार्यवांही जिल अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, हरिद्वार)**

मा0 उपाध्यक्ष द्वारा कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार वै प्रतिनिधि से अल्पसंख्यक कल्याण आयोग द्वारा प्रेषित शिकायती प्रकरणों पर की गई कार्यवाही से सम्बन्धित जानकारी चाही गई। इसके अतिरिक्त गौहत्या के प्रकरणों में आयोपी व्यक्तियों की सूची भी चाही गई। मा0 उपाध्यक्ष द्वारा पुलिस विभाग के प्रतिनिधि को वांछित सुचनाओं सहित दिनांक 21–10–2021 को मा0 अल्पसंख्यक आयोग में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये। (कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार)

इसके अतिरिकत मा0 उपाध्यक्ष द्वारा पंचायतीराज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग, श्रम विभाग, से सम्बन्धित विभागीय योजनाओं में अल्पसंख्यकों को लाभान्वित किये जाने से सम्बन्धित जानकारी भी प्राप्त की गई।

(डॉ0 योगेश चन्द्र भारद्वाज)
जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी
हरिद्वार।

## कार्यालय :– जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, हरिद्वार।

पत्रांक 337-A/अ0स0क0/स्था0/कोविड–19/उपस्थिति रोस्टर/2021–22/12 दिनांक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 जिलाधिकारी महोदय, हरिद्वार।
2 निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण उत्तराखण्ड देहरादून।
3 मुख्य विकास अधिकारी महोदय, हरिद्वार।
4 निजी सचिव, मा0 उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग देहरादून।
5 सचिव, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग देहरादून।
6 बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी
हरिद्वार।